प्रहरी न्यूज़
Hindi News & Information Portal

SMS के उद्यमी छात्र देश-विदेश में संस्था को कर रहे गौरवान्वित: डा. भरत राज सिंह

DN Verma
10 अप्रैल 2023 । 14 hours ago 3 Views

एसएमएस में उद्यमी-पूर्व छात्र सम्मलेन, कौशल और तकनीकी संसाधनों के सह-साझाकरण पर हुआ मंथन

लखनऊ : सभी पूर्व छात्र उद्यमियों को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से सुल्तानपुर रोड स्थित स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (एस.एम.एस.) लखनऊ में उद्यमी-पूर्व छात्र सम्मलेन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर उद्यमियों के बीच ज्ञान, कौशल और तकनीकी संसाधनों के सह-साझाकरण के लिए पूर्व छात्रों और कॉलेज के अध्ययनरत छात्रा व अध्यापको के बीच विस्तृत विचार-मंथन हुआ। मीट में कुछ सफल उद्यमी पूर्व छात्र विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों और वर्तमान सामाजिक चुनौतियों के निवारण के लिए आगे आने पर चर्चा की भविष्य में क्रियान्वित भी किया जा सके। कार्यक्रम की शुरुआत सह -निदेशक डॉ. धर्मेन्द्र सिंह के स्वागत भाषण से हुई। श्री सिंह ने इस समूह के उद्देश्यों के बारे में बात की, कैसे यह मंच कौशल और तकनीकी

संसाधनों को बढ़ाने में लाभ प्रदान करेगा। उन्होंने विभिन्न पूर्व छात्रों के पुरस्कारों के बारे में उल्लेख किया, जैसे कि उनकी उपलब्धियों के आधार पर उत्कृष्ट प्रदर्शन पुरस्कार, पेशेवर मान्यता पुरस्कार और लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार, चैप्टर मीट के बारे में और पूर्व छात्रों के लिए एस.एम.एस. के द्वारा किये जा रहे पहल की घोषणा की।

डा0 भारत राज सिंह महानिदेशक (तकनीकी) ने बताया की एसएमएस के उद्यमी छात्र देश विदेश में इस संस्था को गौरवान्वित कर रहे है। हम अपने पूर्व छात्रों के साथ संबंधों को बढ़ावा देते हैं ताकि वे आपस में सम्पर्क बढ़ाएं, सहयोग करें और अगली पीढ़ी के साथ अपने अनुभवों को साझा करें।

एलुमनाई प्रकोष्ट के प्रयासों की सराहना करते हुए, एस.एम.एस. के निदेशक, डा.मनोज मेहरोत्रा ने कहा, हमारे पूर्व छात्र नवीन, रचनात्मक और अग्रणी उधमियो में से एक रहे हैं। छात्रों को तैयार करते समय उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करना हमारे दृष्टिकोण के केंद्र बिन्दु होता है । एसएमएस लखनऊ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री शरद सिंह ने आयोजकों और एस.एम.एस. पूर्व छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत किया और कॉलेज के प्रगतिशील विकास, नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए छात्र, शिक्षक एवं पूर्व छात्रों के योगदान की सराहना की। श्री सिंह ने शिक्षा प्रणाली के विभिन्न पहलुओं और भारतीय प्रणाली में शैक्षिक परिवर्तन को साझा किया। उन्होंने कहा, हम अपने छात्रों को संसाधनपूर्ण और कौशल प्रदान करने में विश्वास करते हैं। बेहतर रोजगार के लिए स्टार्ट अप को कॉलेज में प्रोत्साहित किया जाता है। छात्रों के बीच उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने वाले सुझावों को शामिल किया जाता है और उन्हें उद्यमशीलता की मानसिकता को विकशित करने के लिए उपयुक्त वातावरण दिया जाता है।

उक्त सम्मेलन में आए, पूर्व छात्र अभिषेक मालिक (बीटेक 2013 बैच) ने ऐ बी एम् सेल्स नाम से अपनी खुद की कंपनी स्थापित की है- अभिषेक ने कौशल विकास, ज्ञान साझा करने, स्टार्ट-

अप के लिए कॉलेज को हर संभव सहयोग देने की बात कही प्पूर्व छात्र अनमोल (2019 बैच बीबीए) ने इस आयोजन की सराहना की और छात्रों की इंटर्नशिप कराने का प्रस्ताव दिया, अनमोल ने शू हट नाम से खुद का स्टार्ट अप प्रारंभ किया है पूर्व छात्र हिमांशु गुप्ता ने हिमालय जनरल नाम से अपना उद्योग स्थापित किया है। हिमांशु ने कहा की छात्रों एवं अध्यापको का साथ आना एक बड़ी प्रेरणा है । एक और पूर्व छात्र रिषभ कुमार वर्मा ने कहा की सभी सफल पूर्व छात्रों को एक साथ एक मंच पर लाना एक अच्छी पहल है और पूर्व छात्रों को वर्तमान छात्रों के भविष्य के लिए सहयोग देने में सदैव तत्पर रहना चाहिए। रिषभ भी आभूषण का व्यवसाय कर रहे है पूर्व छात्रों ने कहा कि उन्हें एसएमएस लखनऊ का छात्र होने पर गर्व है।

बैठक का समापन स्मृति चिन्ह वितरण के साथ हुआ। डा पी.के.सिंह डीन छात्र कल्याण ने धन्यवाद ज्ञापित किया एवं बार-बार मिलने के आश्वासन के साथ सम्मलेन के समाप्ति की घोषणा की। उक्त सम्मेलन, विद्यालय के मुख्य महाप्रबन्धक डा0 जगदीश सिंह, डीन-इंजी0 डा0 हेमन्त कुमार सिंह, प्रिन्सिपल डा0 आशीष भटनागर, महाप्रबन्धक श्री सुरेन्द्र श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक डा0 वी0बी0सिंह आदि सम्मिलित थे।

---

https://prahrinews.com/archives/69767